मराठवाड़ा विकास समिति द्वारा नई रेलगाड़ियों की मांग

2204. **डा० बापू कालदाते** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मराठवाड़ा विकास समिति ने सरकार को एक ज्ञापन प्रस्तुत किया है ;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार मनमाड-औरंगाबाद रेल लाइन पर कब तक नई रेलगाड़ियां चलाने का विचार रखती है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) जी, हां।

(ख) एक विवरण संलग्न है। **(नीचे देखिए)**

(ग) समिति की मांग पर 15-6-92 से औरंगाबाद और मनमाड के बीच एक जोड़ी पैसेंजर गाड़ी चला दी गई है।

विवरण

समिति की मांगों का ब्यौरा नीचे दिया गया है :

1. मराठवाड़ा रेल परियोजनाओं के लिए "कोंकण रेलवे प्राधिकरण" की तरह "मराठवाड़ा रेलवे प्राधिकरण" का गठन किया जाए ।

2. औरंगाबाद-आदिलाबाद लाइन को बड़ी लाइन में बदलने के लिए 600 करोड़ रुपये स्वीकृत किए जाएं ।

3. बड़ी लाइन में आमान परिवर्तन का कार्य दोनों छोर अर्थात औरंगाबाद और आदिलाबाद से एक साथ शुरू किया जाए।

4. परली-बीड-अहमदनगर को जोड़ने वाली एक नई रेल लाइन बिछायी जाए।

5. लातूर-कुर्डुवाडी-मिरज लाइन का बड़ी लाइन में आमान परिवर्तन ।

6. नांदेड़ रेल मंडल के लिए कार्य की गति तेज की जाए ।

7. औरंगाबाद और बंबई के बीच, एक्सप्रेस गाड़ियां चलाई जाएं जो एलोरा और अजन्ता एक्सप्रेस गाड़ियों से कनेक्शन सुनिश्चित करें, वापसी यात्रा के लिए भी ऐसा ही होना चाहिए ।

8. आदिलाबाद और औरंगाबाद के बीच एक नई एक्सप्रेस गाड़ी चलाई जाए।

9. औरंगाबाद और मनमाड के बीच एक शटल सेवा शुरु की जाए ।

10. मीनाक्षी एक्सप्रेस का चालन क्षेत्र नई दिल्ली तक बढ़ाया जाए ।

11. मराठवाड़ा में पड़ने वाले दक्षिण-मध्य रेलवे के भाग को मध्य रेलवे से संबद्ध कर दिया जाए ।

12. नांदेड़ में हिंगोली गेट निचले पुल का निर्माण।

खतरों के प्रति सुरक्षा के लिये धनराशी

2205 **श्री ईश दत्त यादव** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सातवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान उत्तर प्रदेश को रेलवे सुरक्षा कार्य निधि (रेलवेज फंड फॉर सिक्यूरिटी अगस्ट हजार्ड्स) से कितनी धनराशि दी गई थी ;

(ख) अब तक कितनी धनराशि खर्च की गई है ; और

(ग) इस धनराशि से कौन-कौन सी योजनाएं शुरू की गई हैं ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) और (ख) सातवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान उत्तर प्रदेश राज्य सरकार की प्रतिपूर्ति के लिए इस

निधि में 170 लाख रुपये की राशि जमा की गयी थी । उक्त अवधि के दौरान वास्तव में किसी राशि की प्रतिपूर्ति नहीं की गई थी ।

(ग) यह राज्य सरकार से संबंधित मामला है ।

रेलों में "टिकट चैकिंग स्टाफ" के लिए सुविधायें

2206. श्री शंकर दयाल सिंह : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) रेलों में "टिकट चेकिंग स्टाफ" को "रनिंग स्टाफ" के रूप में क्या सुविधाएं दी गई हैं ;

(ख) क्या यह सच है कि चालकों और गार्डों की तुलना में उन्हें कम सुविधाएं मिल रही हैं ; और

(ग) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) से (ग) रनिंग कर्मचारी वे कर्मचारी होते हैं जो गाड़ी संचलन के दायित्व से प्रत्यक्ष रूप से संबद्ध ड्यूटी करते हैं । तदनुसार, ड्राइवर, मोटरमैन शंटर, फायरमैन, डीजल सहायक, सहायक बिजली गाड़ी ड्राइवर, गार्ड, सहायक गार्ड/ब्रेकमैनों को रनिंग कर्मचारियों के रूप में वर्गीकृत किया गया है । इस वर्गीकरण के कारण, ये कर्मचारी रनिंग भत्ता और रनिंग रूम सुविधाओं जैसी अन्य सुविधाओं के पात्र हैं ।

टिकट जांच कर्मचारी गाड़ी संचलन के दायित्व से संबद्ध नहीं हैं । अतः उन्हें रनिंग कर्मचारियों के रूप में वर्गीकृत नहीं किया गया है जिसके फलस्वरूप वे रनिंग कर्मचारियों को अनुमेय लाभों/सुविधाओं के पात्र नहीं हैं ।

DC Traction Power Control System

2207. SHRI VIREN *J.* SHAH : Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state :

(a) whether the Central Railway propose to operate a centralised DC traction power control system on the suburban section beetween Bombay VT and Kurla Stations ;

(b) if so, what are the details of the system acquired by the Central Railway and at what cost ;

(c) by when the system is likely to start its operation ; and

(d) to which other Railway Station, Government propose to extend the system and when ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI MALLIKARJUN) : (a) to (c) In this system, there are 8 traction sub-stations feeding 1500 V DC power supply to traction overhead lines on the suburban section between Bombay VT and Kurla stations. The centralised traction power control system is meant for remote control of power supply equipments and for data acquisition relating to power supply conditions on the system from the Traction Power Control Centre at Bombay VT. The cost of the system works out to be Rs. 106.70 lakhs. The system has been brought into regular operation with effect from 23-5-92.

(d) The system is proposed to be exteneded between Kurla and Kalyao on the main line, Kurla and Mankhurd on the Harbour line, Kalwa and Turbhe new line constructed for CIDCO, Diva and Panval, Diva and Vasai Road and Mankhurd and Belapur new line under construction.